**(ALL BATCHES)**

**DATE: 17.07.2018** **MAXIMUM MARKS: 100** **TIMING: 3¼Hours**

**PAPER 2 :LAW**

**Answer to questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate who has not opted for Hindi Medium. His/her answer in Hindi will not be valued.**
**Question No. 1 is compulsory.**
**Candidates are also required to answer any Four questions from the remaining Five Questions.**
**In case, any candidate answers extra question(s)/sub-question(s) over and above the required number, then only the requisite number of questions first answered in the answer book shall be valued and subsequent extra question(s) answered shall be ignored.**
**Wherever necessary, suitable assumptions may be made and disclosed by way of note.**

---

**Question 1:**

(a) सुनील ने अपनी कार मरम्मत के लिए महेश को दी। महेश ने मरम्मत का कार्य समाप्त कर लिया, किन्तु सुनील को उचित समय में कार वापस नहीं की। यद्यपि बार–बार महेश को कार वापस करने के लिए स्मरण कराता रहा। इसी बीच में पड़ोस में आग लगने के कारण कार जलकर नष्ट हो गई। निर्णय दीजिए कि क्या महेश को भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के अन्तर्गत दायी ठहराया जा सकता है? **(6 Marks)**

(b) कम्पनी अधिनियम, 2013 के अधीन रचनात्मक सूचना सिद्धान्त का संक्षेप विवरण दीजिए। क्या इस सिद्धान्त में कोई अपवाद है? **(6 Marks)**

(c) प्रविवरण में अंकित न्यूनतम अभिदान के 80% के बराबर अभियाचना प्राप्त होने के बाद एक कम्पनी ने X को 100 समता अंश आवंटित कर दिये। कम्पनी ने उपर्युक्त धनराशि बैंक में जमाकर दी तथा उसकी 50% राशि आवंटन की कार्यवाही पूरा होने से पहले कुछ सम्पत्ति खरीदने के लिए बैंक से निकाल ली। X अंशों के आवंटन को कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों काउल्लंघन करने के आधार पर स्वीकार करने से मना करता है। समीक्षा कीजिए। **(4 Marks)**

(d) बताइए कि किसी विलेख का निपटारा और किसी पक्ष का निपटारा किस प्रकार से भिन्न है जैसा कि परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 में प्रावधान किया गया है? **(4 Marks)**

**Question 2:**

(a) परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के अन्तर्गत चैक की परिभाषा दीजिए। चैक और विपक्ष में क्या अन्तर होता है? **(6 Marks)**

(b) VRS कं. लि., SV कं. लि. में कुल समता अंश के 45% अंशों की धारक है। SV कम्पनी (1 जनवरी, 2007 को निगमित) के निदेशक मण्डल ने कम्पनी की अंश पूँजी में नए समता अंशजारी करके, वृद्धि की जाए। SV लि. के निदेशक मण्डल ने संकल्प पारित किया कि VRS कं. को नए अंश जारी न किये जाएँ क्योंकि उसके पास पहले से ही बहुत अधिक अंश हैं, किन्तु SVकं. लि. के अन्तर्नियमों में प्रावधान था कि नए अंश वर्तमान अंशधारियों को ही दिये जाएँ। 1 मार्च, 2007 को VRS कं. लि. को छोड़कर अन्य सभी अंशधारियों को प्रस्तावित किये गये। कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के संदर्भ में SV कं. लि. के निदेशक मण्डल द्वारा

VRS कं. लि. को नये अंश न देने के निर्णय की वैधता की जाँच कीजिए। **(6 Marks)**

(c) विधियों की व्याख्या के संदर्भ में "ईजुदेम जेनरीस" के नियम को समझाएं। जिन मामलों में यह नियम लागू नहीं है, वो बताए । **(4 Marks)**

(d) A ने एक अवयस्क M को अपनी घड़ी रू. 700 से कम में न बेचने के लिए एजेन्ट नियुक्त किया। M ने इसे D को केवल रू. 300 में बेच दिया । क्या यह विक्रय वैध है? M तथा D के लिए भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 के प्रावधानो के अन्तर्गत कानूनी स्थिति स्पष्ट कीजिए। **(4 Marks)**

**Question 3:**

(a) कम्पनी अधिनियम, 2013 के अधीन अंशों के हस्तांकन का अर्थ समझाइए। किस प्रकार के अंशों का हस्तांकन अंशों के हस्तान्तरण में भिन्न होता है? **(6Marks)**

(b) प्रकाश कैरियर्स लिमिटेड ने 30 सितंबर 2014 को आयोजित वार्षिक आम बैठक में श्री रमन को अपने लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया। प्रारंभ में, उन्होंने नियुक्ति स्वीकार कर ली। लेकिनउन्होंने निजी कारणों से 31 अक्टूबर, 2014 को अपने कार्यपद से इस्तीफा दे दिया। निदेशक मंडल ने ऑडिटर के रूप में श्री अल्बर्ट की नियुक्ति के द्वारा रिक्ति को भरने के लिए आपकी सलाह मांगी है। कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार सलाह दें।
यह भी सुझाव दें कि अल्पावधि पद समाप्त होने से पहले अपने कार्यालय से श्रीमान अल्बर्ट को निकालने के प्रस्ताव की स्थिति में कौन सी प्रक्रिया अपनाई जाए। **(6 Marks)**

(c) सर्वसाधारण परिभाषा अधिनियम के अनुसार वित्त वर्ष से क्या आशय है? **(4 Marks)**

(d) पुष्टिकरण द्वारा एजेन्सी क्या है?
**(4 Marks)**

**Question 4:**

(a) एक वार्षिक आम सभा को 15 अप्रैल, 2010 की सायं 4 बजे होना है। इसके लिए दिए गए नोटिस के अनुसार यदि कोई सदस्य उस मीटिंग में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकता है, तो वह प्रॉक्सी नियुक्त कर सकता है तथा उसे निर्धारित प्रॉक्सी प्रारूप जब प्रकार से ठीक भरा गया हो, को कम्पनी के पास भेज दिया जाना चाहिए तब वह कम्पनी के पास मीटिंग से 48 घंटे पहले पहुँच जाए। मि. ए जोकि कम्पनी का सदस्य है वह मि. पी को प्रॉक्सी नियुक्त करता है तथा मि. पी प्रॉक्सी प्रारूप को कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में 11.4.2010 को जमा करवा दिया गया, लेकिन 12.4.2010 अपना मत बदल लेता है और मि. क्यू की उस और प्रॉक्सी बनाकर देता है और इस प्रॉक्सी प्रारूप को उसी दिन (12.4.2010) कम्पनी के पास जमा करवा दिया जाता है। इसी प्रकार, एक और सदस्य मि. बी भी अलग–अलग दो प्रॉक्सी जारी करता है। एक प्रॉक्सी व्यक्ति मि. आर को और दूसरी प्रॉक्सी मि. एस को दी जाती है। मि. आर के मामले में प्रॉक्सी जो कि दिनांक 12.4.2010 को बनाई गई है को उसी दिन कम्पनी के पास जमा करवा दिया जाता है और मि. एस के मामले में प्रॉक्सी प्रारूप कम्पनी के पास 14.4.2010 को जमा करवाया जाता है। सभी प्रॉक्सियाँ पी, क्यू, आर एवं एस मीटिंग में उपस्थित थी।
कम्पनी अधिनियम के प्रावधानों के प्रकाश में वह कौन से व्यक्ति होंगे (पी, क्यू, आर एवं एस में से) जिन्हें मीटिंग में ए और बी के प्रतिनिधित्व करने दिया जाएगा।
**(6 Marks)**

(b) निंबेरा केमिकल्स लिमिटेड के निदेशक मंडल ने चालू वर्ष के लिए कम्पनी के मुनाफे का 10 प्रतिशत से अधिक का अन्तरण करने का प्रस्ताव रखा है। कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रांसगिक प्रावधानों का उल्लेख करते हुए उक्त कम्पनी के निदेशक मण्डल को सलाह दीजिए। **(4 Marks)**

(c) प्रबन्ध निदेशक को पद से हटाने के लिए ग्लॅाबल लि. के 40% सदस्यों ने असाधारण साधारण सभा बुलाने की माँग की। कम्पनी उक्त सभा बुलाने में असफल रही। अतः सभा बुलाने की माँग करने वालों ने स्वयं

सभा की। प्रबन्ध निदेशक ने कम्पनी सभा पंजीकृत कार्यालय में नहीं करने दी। अतः यह सभा किसी अन्य स्थान पर की गई जहाँ प्रबन्ध निदेशक को हटाने का संकल्प पारित किया गया। उक्त सभा की तथा उसमें पारित संकल्प की वैधता की जाँच, कम्पनी अधिनियम, 2013 को ध्यान में रखते हुए, कीजिए। **(6 Marks)**

(d) विधियों की व्याख्या में उदाहरण को 'आन्तरिक सहायता' के रूप में कैसे माना जाता है? **(2 Marks)**

(e) विधियों की व्याख्या में स्पष्टीकरण को 'आन्तरिक सहायता' के रूप में कैसे माना जाता है? **(2 Marks)**

**Question 5:**

(a) कंपनी अधिनियम, 2013 द्वारा प्रस्तुत सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) की अवधारणाको समझाएं। अधिनियम के प्रावधानों की जांच करते हुए, निम्नलिखित का जवाब दें

(i) सीएसआर कमेटी का गठन करने के लिए कौन सी कंपनियों की आवश्यकता है?

(ii) सीएसआर कमेटी के संबंध में अधिनियम के प्रावधानों की आवश्यकताओं में कौन सी कंपनियों को शामिल नहीं किया जाता?

(iii) सीएसआर के प्रति कंपनियों के लिए आवश्यक न्यूनतम योगदान क्या है? **(6 Marks)**

(b) X ने एक चैक Y या उसके आदेशानुसार जारी किया। दुर्भाग्यपूर्वक वह चैक खो गया तथा Y का अनुमोदन कपटपूर्ण कर दिया गया। बाद में उसे चैक का भुगतान बैंक द्वारा कर दिया गया। क्या बैंक को उसके दायित्व से छूट है यदि चैक जारीकर्ता के हस्ताक्षर कपटपूर्ण एवं जाली होते तो क्या परिणाम होता? **(5 Marks)**

(c) विधियों की व्याख्या में "सामंजस्यपूर्ण निर्माण के नियम का अर्थ और उपयोग को संक्षिप्त रूप से समझाए। **(3 Marks)**

(d) गारण्टी कम्पनी से क्या अभिप्राय होता है? गारण्टी कम्पनी एवं अंश पूँजी कम्पनी में क्या समानताएँ व असमानताएँ होती हैं? **(6 Marks)**

**Question 6:**

(a) क्या प्रभार का पंजीकृत करवाना अनिवार्य है, यदि प्रभार पंजीकृत नहीं करवाया जाता है तो इसका क्या प्रभाव होगा? **(6 Marks)**

(b) भारत लिमिटेड के निदेशक मंडल की एक व्यावहारिक समस्या है। कंपनी का पंजीकृत कार्यालय महाराष्ट्र के वर्गीकृत पिछड़े क्षेत्र में स्थित है। बोर्ड अपने लेखा खातों को मुंबई में अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में रखना चाहता है जो सहजता से पहुंच वाले स्थान पर स्थित है। बोर्ड कपनी के पंजीकृत कार्यालय के अलावा अन्य जगह पर लेखा रिकॉर्ड को रखने की व्यवहार्यता के बारे में आपकी सलाह चाहता है। सलाह दें। **(3 Marks)**

(c) सर्वसाधारण परिभाषा अधिनियम के अनुसार अचल सम्पत्ति से क्या आशय है ? **(5 Marks)**

(d) कठोर समता अंश का अर्थ बताइए तथा वह शर्त बताइए जिन्हें कम्पनी को कठोर समता अंश जारी करने के लिए पूरा करना होता है। **(6 Marks)**

***